हरिभूमि
जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 27 जून 2025
[पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा]

GRAND LAUNCHING
MEGA EVENT
27, 28, 29 JUNE 2025

Param valley

CGRERA
PCGRERA280324001751

DISCOVER A WORLD WHERE POWER AND ELEGANCE TRANSFORMEACHMOMENT INTO A CELEBRATION

Site Address : Bijour Near By Brilliant Public School Bilaspur Chhattisgarh 495001

Residential Plots with all Premium Amenities.

KEY FEATURES

SECL Head Quaters 4 KM	Apollo Hospital 3.2 KM	Amusement Park 1 KM	Railway Station 7 KM	Schools 1 KM	Sports Complex 1.5 KM
Market area 500 Meeters	College 1.5 KM	Perrol pump 1 KM	RTO Bsp 3.5 KM	Marriage Garden 1.5 KM	Banks 1 KM

AMENITIES

- Grand entrance
- Kids play garden
- Mandir
- Gazebo sitting
- Badminton court
- Basketball court
- Open gym area
- Gathering lawn
- Landscaped area
- 40' wide cc road
- CC TV Secured Campus
- Covered drainage
- Street light
- Separate transformer

PROJECT BY PARAM GROUP
ARCHITECT & TOWN PLANNING SUMIT AGRAWAL

CONTACT FOR BOOKING : 9098757543
Email : paramgroupofficial@gmail.com **Website :** www.paramgroups.co.in

#MGR

खबर संक्षेप

बच्चों को तिलक लगाकर कराया गया शाला प्रवेश

अंबिकापुर। मायापुर स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूल में बच्चों का तिलक लगाकर और मुंह मीठा कराकर शाला प्रवेश कराया गया। इसके साथ ही गणवेश और किताबों का वितरण किया गया। बता दें कि शासकीय प्राथमिक शाला मायापुर में 25 जून को शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद बाबर इदरीसी शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रथाम पाठक श्रीमती अलका अग्रवाल ने की। कार्यक्रम के दौरान अतिथि व प्रधान पाठक ने नव प्रवेशित बच्चों को तिलक लगाकर और मुंह मीठा कराकर उनका स्वागत किया गया और गणवेश व पाठ्य पुस्तक का वितरण किया गया। समारोह के दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुती दी। इस दौरान बिलाल अंसारी, वंदना गुप्ता, नीलू सिंह, सोनम दुबे, वार्डवासी और अभिभावक मौजूद थे।

लटोरी सब स्टेशन के ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी, घंटों सप्लाई बाधित

बिश्रामपुर। विद्युत सब स्टेशन लटोरी के मेन ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी से आने कई घंटे विद्युत आपूर्ति आधा दर्जन से अधिक गांवों में बाधित हो गई ।विभाग द्वारा आनन फानन में दूसरे पावर सप्लाई से कनेक्ट करके विद्युत आपूर्ति को बहाल कराकर ट्रांसफार्मर का मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया है। गौरतलब है कि लटोरी सब स्टेशन में स्थित 3.15 केवी के स्थापित विद्युत ट्रांसफार्मर में बुधवार को तड़के करीब चार बजे अचानक आई तकनीकी खराबी की वजह से विद्युत आपूर्ति घंटों बाधित हो गई।विभागीय अधिकारियों द्वारा तत्काल आनन फानन में दूसरे पावर सप्लाई से कनेक्ट करने उपरांत विद्युत आपूर्ति आधा दर्जन गांवों में बहाल करा दी गई है और खराब मेन ट्रांसफार्मर के बदलने की प्रक्रिया देर रात तक चलती रही। मरम्मत कार्य पूर्ण होने उपरांत विभागीय अधिकारियों व ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

जिला न्यायालय में साथी अभियान को लेकर बैठक

सूरजपुर। जिला न्यायालय के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में साथी अभियान को लेकर विशेष बैठक का आयोजन किया गया। यह अभियान राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश और छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य जिले में बेसहारा बच्चों की पहचान कर उनका आधार नामांकन, स्कूल नामांकन, कानूनी सहायता और सरकारी योजनाओं से जोड़ना है। इस अभियान की रूपरेखा और आगे की कार्य योजना पर चर्चा के लिए जिला स्तर की साथी इकाई समिति की बैठक प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती विनीता वार्नर के निर्देश पर आयोजित हुई। बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों और समिति सदस्यों ने विचार साझा किए। इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती प्रतीक्षा अग्रवाल ने साथी अभियान के उद्देश्यों और क्रियान्वयन के तरीके की जानकारी दी। उन्होंने सभी विभागों से इस अभियान में सक्रिय सहयोग करने की बात कही।

जल संरक्षण के लिए कराया गया पिट का निर्माण



लखनपुर। मोर गांव मोर पानी महा अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में कराए जा रहे विभिन्न रिचार्ज पिट का अधिकारियों ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों ने इस पिट के माध्यम से भू-जल स्तर में सुधार होने की बात कही। बता दें कि शासन के निर्देश पर जनपद पंचायत के सभी 74 ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण के लिए विभिन्न प्रकार की संरचना का निर्माण कराया जा रहा है। इसके साथ ही पीएम आवास निर्माण के दौरान हितग्राहियों द्वारा भी वर्षा जल के संरक्षण हेतु रिचार्ज पिट का निर्माण कराया जा रहा है। बुधवार को इन रिचार्ज पिट का जनपद सीईओ वेद प्रकाश पांडेय, कार्यक्रम अधिकारी अभिषेक मिंज, एसडीओ आरईएस प्रवीण खलखो, सहित अन्य ने निरीक्षण किया।

पूर्व सैनिक की हत्या के दो दोषियों को आजीवन कारावास

रामानुजगंज। बसंतपुर थाना क्षेत्र में 3 नवंबर 2024 को हुई पूर्व सैनिक की हत्या के मामले में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार प्रजापति ने सोमवार को सुनवाई के बाद दो आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोनों पर एक-एक हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। अदालत में पेश हुए साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर यह स्पष्ट हुआ कि हत्या एक सुनियोजित षड्यंत्र के तहत की गई थी। मामला प्रथम अपर सत्र न्यायालय में विचाराधीन था।

रैली निकाल एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

सहकारी समिति से खाद नहीं मिलने पर आक्रोशित किसानों ने किया धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर

खाद के लिए पिछले एक पखवाड़े से लगातार घंटों लाइन में खड़े होने वाले किसानों को बुधवार को भी खाद नहीं मिला तो आक्रोशित किसान समिति के समक्ष जमीन पर बैठकर धरना-प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान किसानों ने प्रशासन पर लापरवाही बरतने एवं उन्हें अनदेखा करने का आरोप लगाया। किसानों ने रैली निकाल एसडीएम को ज्ञापन सौंपा तथा दो-तीन दिन के भीतर पर्याप्त खाद उपलब्ध नहीं होने पर चक्का जाम करने की चेतावनी दी।

- 2-3 दिन में खाद उपलब्ध नहीं होने पर दी चक्का जाम करने की चेतावनी

सरगुजा की समितियों में रासायनिक उर्वरकों की कमी विकराल बनते जा रही है। समितियों में खाद की आपूर्ति नहीं होने के कारण खरीफ खेती पिछड़ रही है। एक महीने पूर्व समिति में एक ट्रक खाद की आपूर्ति की गई थी वहीं पिछले साल शेष बचे खाद को दो-दो बोरी के हिसाब से कुछ किसानों को वितरित किया गया। एक पखवाड़े से समिति में खाद नहीं है। इधर जरूरतमंद किसान सुबह होते ही खाद के लिए लाइन में खड़े हो जा रहे हैं। समिति खुलने पर किसानों को खाद नहीं पहुंचने की सूचना मिलती है तो किसान घंटों लाइन में खड़े रहने के बाद बैरंग वापस लौट जा रहे थे। रोज की तरह बुधवार को भी सैकड़ों किसान समिति के समक्ष लाइन में खड़े थे। समिति खोलने के बाद प्रबंधक ने किसानों को खाद नहीं पहुंचने की सूचना दी तो किसान भड़क उठे। आक्रोशित किसान नारेबाजी करते हुए समिति के समक्ष धरना पर बैठ गए। आक्रोशित किसानों ने कहा कि खरीफ की खेती पिछड़ रही है। धान की नर्सरी खराब हो रही है। समय पर खाद नहीं मिला तो सारी तैयारियां मिट्टी में मिल जाएगी। धान विक्रय के समय समिति में पटवारी से लेकर एसडीएम तक उनके धान की जांच करने पहुंचते हैं। समिति में पिछले एक पखवाड़े से खाद नहीं है तथा प्रशासन मूक दर्शक बनकर उन्हें ब्लैक में खाद खरीदने के लिए मजबूर कर रहा है। बाजार में पर्याप्त खाद उपलब्ध है जबकि समितियों में खाद नहीं आ रहा है। मजबूर होकर किसान बाजार से 3 सौ रुपए बोरी अधिक कीमत देकर खाद खरीद रहे है। दो-तीन दिन के भीतर जरूरत के अनुरूप खाद नहीं मिला तो किसान चक्का जाम करने मजबूर होंगे। समिति प्रबंधक ने बताया कि आवश्यकता को देखते हुए एक महीने पूर्व ही विपणन संघ को मांग पत्र एवं चेक भेज दिया गया है लेकिन अभी तक खाद की आपूर्ति नहीं की गई है। दोपहर 12 बजे से ढाई बजे तक धरना-प्रदर्शन करने के उपरांत किसान रैली निकालकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे एवं एसडीएम को ज्ञापन सौंप तत्काल आवश्यकता के अनुरूप खाद उपलब्ध कराने की मांग की एवं 2-3 दिन में खाद उपलब्ध नहीं होने पर चक्का जाम करने की चेतावनी दी। एसडीएम ने किसानों को खाद के लिए हर संभव पहल करने का आश्वासन दिया। इस दौरान गंगा प्रसाद, सूरज यादव, लीलाधर यादव, पवन साय, देव प्रताप सिंह, अभय तिवारी, सुभाष यादव, राधेश्याम यादव, लीलाधर, फरीद खान सहित बड़ी संख्या में विभिन्न गांवों के किसान उपस्थित थे।

रैली निकाल कर एसडीएम कार्यालय जाते ग्रामीण।

क्षेत्र की 6 समितियां खाली

किसानों ने बताया कि शासन द्वारा किसानों की सुविधा के लिए क्षेत्र में पांच समितियों धौरपुर, डूमरडीह, सहनपुर, ससौली, बटवाही एवं बरगीडीह का गठन किया गया है लेकिन कहीं भी खाद उपलब्ध नहीं है। खाद के लिए किसान हर दिन समितियों का चक्कर लगा रहे हैं। समिति प्रबंधक हर दिन खाद पहुंचने का आश्वासन देकर अगले दिन बुलाते है। ऐन खेती के समय किसान अपना काम छोड़कर समितियों का चक्कर लगा रहे हैं। जिन किसानों को 2-3 बोरी खाद दिया गया है वे भी खाद के लिए परेशान है। क्षेत्र के मात्र 300 किसानों को 2-3 बोरी खाद मिला है जबकि सैकड़ों किसान एक महीने से खाद पहुंचने का इंतजार कर रहे है।

दुकानदार वसूल रहे 3 सौ रूपए अधिक

किसानों ने बताया बाजार की दुकानों में डीएपी, इफ्को, यूरिया सहित अन्य सभी उर्वरक उपलब्ध है। समिति में खाद उपलब्ध होने पर दुकानों में कम कीमत में खाद मिलता है। वहीं समिति में खाद उपलब्ध नहीं होने पर दुकानदार डीएपी एवं इफ्को की कीमत 2 से 3 सौ रूपए अधिक वसूल रहे हैं। धान की रोपाई के दौरान डीएपी एवं इफ्को की अधिक जरूरत पड़ती है इसलिए किसान ब्लैक में खाद खरीदने मजबूर हैं।

पर्यावरण संरक्षण के लिए वन विभाग ने की जिला स्तरीय अभियान की शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

पर्यावरण संरक्षण और पेड़ लगाने के लिए लोगों को प्रेरित करने के उद्देश्य से वन विभाग द्वारा जिला स्तरीय किसान-वृक्ष मित्र योजना की शुरुआत की गई। इस अभियान के तहत नगर के गेउर हरीतिमा में वन विभाग द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा शामिल हुई जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएफओ आलोक वाजपेयी ने की।

- विधायक, डीएफओ ने लोगों को पौधरोपण के लिए किया जागरूक

कार्यक्रम के दौरान विधायक श्रीमती पैकरा ने कहा कि शासन की योजनाओं के तहत लोगों को पेड़ लगाने के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से किस वृक्ष मित्र योजना के तहत लोगों को पौधा निःशुल्क वितरण किया जाएगा। जिनके पास भी खाली जमीन हो चाहे वह किसान हो या अन्य व्यक्ति पौधारोपण जरूर करें। किसान भाई अपने खेत के मेड़ में भी पेड़ लगाए और उसकी सुरक्षा करें। उन्होंने कहा कि पेड़ लगाने की कई फायदे हैं पेड़ से हमें ऑक्सीजन तो मिलता ही है इसके अलावा पर्यावरण संतुलित रहता है तथा अनेकों वन संपदा भी मिलती है जिससे लोगों के आय का जरिया भी बनता है। पेड़ लगाने की जिम्मेदारी केवल वन विभाग को ही नहीं बल्कि हम सबको होनी चाहिए। भाजपा जिला महामंत्री संजय सिंह ने कहा कि वन विभाग के बदौलत जंगल सुरक्षित है। जंगलों की अवैध कटाई पर वन विभाग की कड़ी नजर रहती है। लोग वन भूमि पर पट्टे के लिए जंगलों की अवैध कटाई करते हैं जो ठीक नहीं है। डीएफओ आलोक बाजपाई ने जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ शासन की महत्वपूर्ण योजना के तहत किसान वृक्ष मित्र योजना का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस योजना का यह तीसरा वर्ष है। इस योजना के अंतर्गत जितने भी निजी भूमि हो या किसानों की भूमि हो शासकीय संस्थाओं की भूमि हो स्वायत्त संस्थाओं की भूमि हो या फिर किसी के पास लीज की भी भूमि हो तो वह इस योजना के तहत लाभ ले सकता है। इस योजना के तहत 5 एकड़ तक के भूमि में शासन का 100 प्रतिशत अनुदान है। जिसमें प्रथम वर्ष में पौधा निःशुल्क दिया जाएगा तथा उसके देखरेख के लिए अनुदान है। उसके बाद द्वितीय एवं तिथि वर्ष के लिए जीवित पौधा के हिसाब से 7 रूपए प्रति पौधा के हिसाब से अनुदान दिया जाएगा। इसमें मुख्यतः इमारती प्रजातियां हैं, टिश्यू कल्चर नेचर की प्रजातियां हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत अनुबंध की भी व्यवस्था है जिसमें किसान और प्राइवेट कंपनी के बीच अनुबंध होगा और एक तय बाजार मूल्य के तहत विक्रय कर सकते हैं जिसमें शासन उनका सहयोग करेगा।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की गई जान

अम्बिकापुर। कुसमी थाना अंतर्गत ग्राम रेहड़ा निवासी सूरज कुमार आ. ज्योतिष (20 वर्ष) गत दिन शाम 7.30 बजे काम कर घर जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार ग्राम सेमरा के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 15 डीएम 5841 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगते ही परिजन घायल को कुसमी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात रेफर कर दिया। परिजन घायल को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत रायपुर रेफर कर दिया। परिजन घायल को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

आज कोयलांचल में धूमधाम से निकाली जाएगी भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 27 जून शुक्रवार को शहर में धूमधाम से महाप्रभु श्री जगन्नाथ जी की रथ यात्रा निकाली जाएगी।सूरजपुर जिले का एकमात्र रथ यात्रा का आयोजन गत 9 वर्षों से लगातार संचालित है। गौरतलब है कि द्वितीय शुक्ल पक्ष के पावन अवसर पर आगामी 27 जून शुक्रवार को जगन्नाथ मंदिर प्रांगण से रथ पर सवार होकर महाप्रभु श्री जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा के साथ निकलेंगे रथ यात्रा पर जो मंदिर प्रांगण से निकलकर बस स्टैंड होते हुए अंबेडकर चौक एवं अंबेडकर चौक से पुनः वापस लौटकर बस स्टैंड होते हुए आरटीआई कॉलोनी स्थित अपने मौसी के घर सरस्वती मंदिर तक जाएंगे, जहां वे नौ दिनों तक अपने भाई एवं बहन के साथ मौसी के घर पर विश्राम करेंगे। तत्पश्चात दसवें दिवस आगामी 5 जुलाई को पुनः रथ पर सवार होकर आरटीआई कॉलोनी स्थित मौसी घर सरस्वती मंदिर से निकलकर शहर भ्रमण करते हुए वापस मंदिर प्रांगण में प्रवेश करेंगे, जहां वे तीन दिनों तक रथ पर ही विराजमान रहेंगे तथा 8 जुलाई को मंदिर में विराजमान होंगे।लोगों की आस्था इतनी प्रबल की सैकड़ो की संख्या में लोग रथ खींचने रथ यात्रा में शामिल होते हैं न केवल विश्रामपुर शहर बल्कि आसपास क्षेत्र सूरजपुर, भटगांव, प्रेमनगर, श्रीनगर, भैयाथान, सिलफिली आदि क्षेत्रों से भी भक्तों का आगमन होता है, जो प्रभु को उनके मौसी के घर पहुंचाने के लिए लालायित होकर रथ की रस्सी को खींचते हैं। प्रत्येक वर्ष रथ यात्रा पारंपरिक वाद्य यंत्रों एवं विभिन्न कार्यक्रमों के साथ रथ यात्रा निकलता है।इस वर्ष भी करीब 2 बजे से विधि विधान पूर्वक अनुष्ठान संपन्न कर, राज परिवार के सदस्य एवं समाज के दव्य वरिष्ठ जो राजा के रूप में झाड़ू प्रथा को संपन्न करेंगे तत्पश्चात मंदिर प्रांगण से रथ निकलेगा।रथ यात्रा पूजन एवं अनुष्ठान मंदिर के मुख्य पुजारी सुशांत मिश्र द्वारा संपन्न किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज के संरक्षक अशोक स्वाई, अध्यक्ष विशाल स्वाई, कोषाध्यक्ष अलंकार नायक, सचिव प्रभाकर स्वाई, वरिष्ठ सदस्य गोविंद स्वाई सुदर्शन सेठी सुरेशन स्वाई, सीतीकांत स्वाई, सहित सेनापति प्रधान,एल सी त्रिपाठी, अक्षय साहू, प्रदीप त्रिपाठी, राजेंद्र प्रधान, सूरज सेठी,विद्याधर साहू, त्रिनाथ देहुरी, प्रफुल नायक श्रीकांत स्वाइ वहीं महिला मंडल से अध्यक्ष दीप्ति स्वाई, कोषाध्य गीता स्वाई, सचिव अनुराधा प्रधान, लीलावती स्वाई, आदि लोग लगे हुए हैं ।

आज होगा नेत्र उत्सव नवयोवन दर्शन

गौरतलब है कि परंपरा अनुसार महाप्रभु जगन्नाथ रथ यात्रा से 15 दिन पूर्व बीमार पड़ जाते हैं, जो उनकी एक विशेष लीला एवं परंपरा से जुड़ा हुआ है।जिसे अनवसर कहा जाता है। इसमें महाप्रभु जगन्नाथ, भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा को रथ यात्रा से 15 दिवस पूर्व मंदिर प्रांगण से बाहर निकाल कर स्नान मंडप में लाकर 108 कलश जल से नहलाया जाता है। जिसे स्नान यात्रा के नाम से जाना जाता है, तत्पश्चात महाप्रभु रथ यात्रा में सवार होने से एक दिन पूर्व यानी कि आज अपने भक्तों को दर्शन देंगे, जिसे नेत्र उत्सव के नाम से जाना जाता है। आज का यह नेत्र उत्सव नवयोवन दर्शन संध्या 7 बजे भक्तों के लिए खुलेगा तत्पश्चात कल रथ पर सवार होकर अपने मौसी के घर के लिए रवाना होंगे।

हाथियों ने तीन घरों में की तोड़फोड़, चट किया अनाज

अम्बिकापुर। बीती रात हाथियों ने वन परिक्षेत्र मैनपाट अंतर्गत ग्राम बरडांड में जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान हाथियों ने तीन घरों को ढहाने के साथ ही घर में रखा अनाज खा गए। मैनपाट के सीमावर्ती कापू जंगल में लम्बे समय से भ्रमण कर रहे हाथियों का दल पिछले एक पखवाड़े से मैनपाट के अलग-अलग क्षेत्रों में भ्रमण कर रहा है तथा भोजन की तलाश में घरों में तोड़फोड़ मचा रहा है। बीती रात हाथियों का दल शाम ढलते ही ग्राम कंडराजा स्थित ग्रामीणों की कॉलोनी में घुस गया एवं पूरी रात घरों में तोड़फोड़ मचाता रहा। इस दौरान हाथियों ने तीन घरों को ढहा दिया तथा घर में रखा अनाज खा गए। हाथियों ने पिछले साल भी इन घरों को ढहा दिया था। बरसात का मौसम होने के कारण हाथियों की तोड़फोड़ से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। हाथियों के कंडराजा की ओर अग्रसर होने की सूचना पर वन अमला पूर्व में ही पहुंच गया था तथा ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों की ओर जाने की सलाह दी थी। कॉलोनी में पक्के मकान होने के कारण ग्रामीणों ने भागकर अपनी जान बचाई। परिक्षेत्राधिकारी श्री चौबे ने बताया कि हाथियों की नियमित निगरानी करने के साथ ही प्रभावित क्षेत्र में ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है।

बाइक सवार बदमाशों ने गन पॉइंट पर शिक्षिका की लूटी चेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल के ऑफिसर्स टूए कॉलोनी में मंगलवार की शाम डीएवी स्कूल बिश्रामपुर की शिक्षिका इवनिंग वॉक के दौरान चैन स्नैचिंग की शिकार हो गई।घटना मंगलवार की शाम साढ़े सात पौने आठ बजे के बीच की बताई गई है। घटना में डीएवी स्कुल की शिक्षिका को सड़क पर गिर जाने से चोटें आई हैं जिन्हें केंद्रीय चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार बाद छुट्टी दे दी गई है।

खास बातें

- पति द्वारा छाता से मारने के प्रयास पर युवक ने पति पर टिकाया रिवॉल्वर
- ऑफिसर्स कॉलोनी में दहशत, घर से बाहर निकलने में घबरा रही महिलाएं

लूट की शिकार हुई शिक्षिका के पति के. पांडेय की रिपोर्ट पर बिश्रामपुर पुलिस ने अज्ञात बाईक सवार बदमाशों पर बीएनएस की धारा 304(2),3(5) के तहत एक राय होकर झपटमारी का अपराध दर्ज किया है। घटना के संबंध में शिक्षिका के पति एसईसीएल टूए कॉलोनी क्वार्टर नंबर 114 में निवासरत रिटायर्ड एसईसीएल अधिकारी के. पांडेय ने बताया कि उनकी पत्नी नीलम पांडेय और वे दोनों रोजाना की तरह कॉलोनी के पास ही वॉक कर रहे थे,टहलते हुए वे वापस घर के करीब पहुंच ही थे कि इसी दौरान बाइक सवार तीन युवक अचानक मौके पर पहुंचे और उनकी पत्नी के गले से चैन जबरन खींचने लगे,घटना देख शिक्षिका के पति ने हड़बड़ा कर चीख पुकार की, प्रतिकार का प्रयास भी किया और अपने हाथ में पकड़े हुए छाता से युवक को मारने के लिए प्रयास किया, इतने में एक युवक ने उन पर रिवॉल्वर निकालकर टिका दिया जिससे वे डर गए और पीछे हट गए,इस दौरान तीनों युवक उनकी पत्नी के गले से चैन लुटकर तेजी से बाइक दौड़ाते हुए भाग निकले।श्री पांडेय ने बताया कि चैन लूटने के दौरान उनकी पत्नी मौके पर सड़क पर ही गिर गईं जिन्हें हाथ पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई है।घटना से कॉलोनी में भय और दहशत का माहौल निर्मित हो गया है।श्री पांडेय ने बताया कि वे पिछले बत्तीस वर्षों से इसी क्वार्टर में रह रहे हैं लेकिन ऐसी घटना कॉलोनी में पहली बार हुई है।चैन स्नैचर द्वारा लूटे गए साढ़े तीन तोला वजनी चैन की कीमत करीब साढ़े तीन लाख रुपये के करीब बताई गई है।

घर में फांसी पर लटका मिला युवक का सड़ा गला शव, हत्या की आशंका

प्रतापपुर। ग्राम रेवटी में उस समय सनसनी फैल गई जब एक युवक का सड़ा गला शव कमरे में मिला। युवक ने आत्महत्या की या उसकी हत्या कर फांसी का रूप दिया गया इसे लेकर पुलिस ने जांच शुरू दी है। रेवटी निवासी बाबूलाल साहू आ. सोहर साहू (40 वर्ष) का शव गत दिन उसके घर के कमरे में मिला। युवक की पहचान गांव रेवटी का किया गया। बताया जा रहा है कि घरेलू विवाद के कारण युवक की हत्या कर दी गई। ग्रामीणों के मुताबिक घरेलू विवाद पर जमीन को घर वाले ने अपने नाम कर लिया था हालांकि पुलिस इस मामले का जांच कर रही हैं। हत्या है या आत्महत्या है यह स्पष्ट नहीं हो सका है। चौकी रेवती पुलिस शव का पंचनामा कार्रवाई एफएसएल वैज्ञानिक अधिकारी के साथ मिलकर किया गया। शव पंचनामा के दौरान पंचो एवं गवाहों से पूछताछ किया गया जो मृतक के परिवार में विवाद होने से करीब 2-3 साल से परिवार से अलग रहता था और पारिवारिक विवाद के कारण डिप्रेशन में रहता था। ग्रामीणों का कहना है कि हफ्ता भर पहले ही युवक ने फांसी लगा लिया जिसकी पूर्व में भी छानबीन नहीं की जा सकी थी पुलिस द्वारा हर पहलू की जांच की जा रही है।

आपातकाल ने बेटों को माता-पिता की चिता को अग्नि तक नहीं देने दी : मेजर

अम्बिकापुर। भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल सिंह मेजर ने कहा कि संविधान बचाओ का नारा देने वाली ये वही कांग्रेस पार्टी है जिसने संविधान को सबसे पहले और सबसे गहराई तक रौंदा था। आपातकाल लोकतंत्र के लिए काला दिवस पर भाजपा ने संगोष्ठी का आयोजन किया। संकल्प भवन भाजपा कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में मीसा बंदी रहे स्व.सरदार बाल किशन सिंह, स्व.रेवती रमण मिश्र एवं स्व.विजय पटेल के परिजनों को शॉल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

अनिल सिंह मेजर ने कहा कि कांग्रेस ने 25 जून, 1975 को देश पर आपातकाल थोपकर लोकतंत्र के साथ सबसे बड़ा विश्वासघात किया लेकिन आज भी वह अपने किए के लिए न तो माफी मांगती है और न ही पछतावा प्रकट करती है। आज संविधान बचाओं का नारा देने वाली कांग्रेस वही पार्टी है जिसने संविधान को सबसे पहले और सबसे गहराई से रौंदा था। उन्होंने कहा कि आपातकाल की घोषणा कोई राष्ट्रीय संकट का नतीजा नहीं थी, बल्कि यह एक डरी हुई प्रधानमंत्री की सत्ता बचाने की रणनीति थी, जिसे न्यायपालिका से मिली चुनौती से बौखलाकर थोपा गया था। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आंतरिक अशांति की आड़ लेकर अनुच्छेद 352 का दुरुपयोग किया, जबकि न उस समय कोई युद्ध की स्थिति थी, न विद्रोह और न ही कोई बाहरी आक्रमण हुआ था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में लोकतंत्र का ऐसा पतन हुआ कि जेलों में बंद लोगों को अपने परिजनों के अंतिम संस्कार में शामिल होने तक की अनुमति नहीं दी गई और इन लोगों में वर्तमान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल थे। इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने आपातकाल काले अध्याय में न केवल लोकतांत्रिक संस्थाओं को रौंदा, बल्कि प्रेस की स्वतंत्रता, न्यायपालिका की निष्पक्षता और नागरिकों के मौलिक अधिकारों को कुचलकर यह स्पष्ट कर दिया कि जब-जब उनकी सत्ता संकट में होती है, वे संविधान और देश की आत्मा को ताक पर रखने से पीछे नहीं हटते। राहुल गांधी ने अपनी ही केंद्र सरकार के अध्यादेश को प्रेस कॉन्फ्रेंस में फाड़कर संविधान के प्रति कांग्रेस की इसी अधिनायकवादी सोच का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष कमलेश तिवारी ने कहा कि जिस संविधान शपथ लेकर इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री बनी थी, उसी संविधान की आत्मा को कुचलते हुए उन्होंने लोकतंत्र को एक झटके में तानाशाही में बदल दिया। इस अवसर पर मीसा बंदी परिवार से सोम शेखर मिश्रा, श्रीमती मधु पटेल, हरमिंदर सिंह ने सम्मान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन महामाया मंडल अध्यक्ष मनोज कंसारी ने तथा आभार प्रदर्शन तेजिंदर सिंह बग्गा ने किया। इस मौके पर करता राम गुप्ता, संतोष दास, अभिषेक शर्मा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पूर्व में हुई चोरी की इन वारदातों का अब तक नहीं हुआ खुलासा

बिश्रामपुर क्षेत्र में हाल की घटनाओं पर गौर करें तो एक के बाद एक हो रही चोरी व लुट की घटना से आमजनों के मन में भय व पुलिस के प्रति अविश्वास की स्थिति निर्मित कर दी है।लगातार चोरी व लूट की घटना से लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर भयभीत हैं कि कब उनके साथ अनहोनी घटना न हो जाए। गौरतलब है कि अभी करीब एक माह पूर्व कुमदा कॉलरी पुराना माइनर्स निवासी एसईसीएल कर्मी भोलानाथ घोष पिता मनोरंजन घोष की बहन चैताली मित्र मजूमदार जो अपने मां के दशकर्म कार्यकर्म में शामिल होने कलकत्ता से कुमदा कॉलरी आई थी, जो गत बीस मई को मंदिर से वापस क्वार्टर जाते समय चैन स्नेचिंग का शिकार हुई थी, इस घटना का आज एक माह बाद कुछ पता नहीं चल सका है।इसी प्रकार गत 21 नवंबर को गायत्री खदान के एमटी राहुल आनंद के सुने घर से अज्ञात चोर टीवी, फ्रिज कुलर सहित डेढ़ लाख का सामान पार कर दिया है,केतकी खदान के ओवर मैन अरुण पांडे के सुने घर से गत 18 मई को डेढ़ लाख मूल्य का सोना चांदी के जेवरात समेत नगदी रकम चुरा ली गई, 31 मई को केशवनगर स्थित स्वास्थ्य कार्यकर्ता शिखा बछाड़ के आवास से पांच लाख से अधिक के सोने चांदी के जेवरात सहित 75 हजार नगद अज्ञात चोरों ने पार कर दिया है।करीब एक वर्ष पूर्व शासकीय मदिरा दुकान शिवनंदनपुर की कैश बॉक्स में रखे 4 लाख से अधिक रकम सहित दुकान से महंगे शराब की बोतलें अज्ञात बदमाश ले भागे जिनका आज तक सुराग नहीं लग सका है।

हरिभूमि

जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 27 जून 2025

पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान

अधिकतम 24.2 डिग्री

न्यूनतम 14.2 डिग्री

संकल्प कुनकुरी में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

खबर संक्षेप

जोकारी में लगाया गया नया ट्रांसफारमर

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की पहल पर ग्राम जोकारी में विद्युत आपूर्ति पुनः शुरू हो गई है। कुनकुरी तहसील के ग्राम जोकारी के वार्ड क्रमांक 8 में ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण ग्रामीणों को बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या से परेशान ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर तत्काल समाधान की मांग की थी। कैंप कार्यालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की, जिसके तहत विद्युत विभाग द्वारा ग्राम में नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया गया। इससे बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से बहाल हो गई है।

जिले में अब तक 2456.1 मिमी वर्षा

जशपुरनगर। जिले में 01 जून से अब तक 2456.1 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 26 जून तक की स्थिति में 1221.9 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 84.3 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 272.0 मिमी, मनोरा में 352.9 मिमी, कुनकुरी में 298.5 मिमी, दुलदुला में 156.1 मिमी, फरसाबहार में 192.2 मिमी, बगीचा में 249.5 मिमी, कांसाबेल में 282.5 मिमी, पत्थलगांव में 170.5 मिमी, सन्ना में 339.0 मिमी एवं बागबहार में 136.9 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा मनोरा तहसील में दर्ज की गई है।

आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए आवेदन 3 जुलाई तक

जशपुरनगर। आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जनजाति छात्र-छात्राओं के लिए सीबीएसई पाठ्यक्रम अंग्रेजी माध्यम से जिले के 6 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में संचालित किया जा रहा है। आदिम जाति कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सत्र 2025-26 में कक्षा 7वीं, 8वीं. 9वीं, एवं 11वीं तक के रिक्त सीटों पर लेटरल एंट्री के माध्यम से प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन 5 जुलाई 2025 को किया जाना है। इस परीक्षा के लिये अनुसूचित जनजाति के पात्र विद्यार्थियों से आवेदन पत्र 3 जुलाई 2025 तक आंमत्रित किया गया है।

ऑडिटोरियम निर्माण के लिए 6.76 करोड़ की राशि स्वीकृत

जशपुरनगर। नगर पालिका जशपुर में अधोसंरचना विकास योजनांतर्गत वार्ड क्रमांक 16 में ऑडिटोरियम निर्माण हेतु 6 करोड़ 76 लाख 55 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। ऑडिटोरियम निर्माण होने से आम लोगों को सांस्कृतिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों के लिए एक सुव्यवस्थित मंच प्राप्त होगा। यहाँ विभिन्न प्रकार के आयोजन जैसे नाटक, संगोष्ठी, सेमिनार, प्रशिक्षण कार्यक्रम, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ एवं सरकारी कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया जा सकेगा। इससे प्रतिभाओं को अपनी कला और विचारों को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा तथा स्थानीय स्तर पर रचनात्मकता को प्रोत्साहन मिलेगा।

पारिवारिक विवाद में हैवान बना बेटा और दामाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले से रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। बागबहार थाना क्षेत्र के ग्राम खाड़ामाचा में एक बेटे और दामाद ने मिलकर पिता की डंडों से बेरहमी से पिटाई कर दी। इलाज के दौरान 55 वर्षीय आनंद सिंह पैंकरा की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

घरेलू विवाद बना कारण

22 जून की दोपहर लगभग 12 बजे घर में उस वक्त विवाद शुरू हुआ जब आनंद सिंह की बेटी गीता पैंकरा और उसके पति रोहित पैंकरा (दामाद) के बीच किसी घरेलू बात को लेकर झगड़ा हो रहा था। रोहित गीता से मारपीट कर रहा था। यह सब देखकर पिता आनंद सिंह बीच-बचाव करने पहुंचे और बोला मेरी बेटी को मत मारो।

पुलिस गिरफ्त में हत्या का आरोपी बेटा व दामाद।

बेटा व दामाद ने किया हमला

पिता की यह बात बेटे सुनील पैंकरा 19 वर्ष को नागवार गुजरी। उसने गुस्से में आकर पास रखे डंडे से पिता के सिर पर जोरदार वार कर दिया। इतने में दामाद रोहित पैंकरा 32 वर्ष ने भी घर में रखा दूसरा डंडा उठाया और ससुर पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। गंभीर रूप से घायल आनंद सिंह को जिला अस्पताल रायगढ़ ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

पोस्टमार्टम में हुआ खुलासा

रायगढ़ पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया। डॉक्टर की रिपोर्ट में सिर में लगी गंभीर चोट को मौत का कारण बताया गया। चूंकि घटना जशपुर जिले के अंतर्गत हुई थी, इसलिए केस थाना बागबहार को सौंपा गया।बागबहार पुलिस ने तत्काल बीएनएस की धारा 103(1), 3(5) के तहत हत्या का केस दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। घटना में प्रयुक्त दोनों लकड़ी के डंडे भी जब्त कर लिया है।

पुलिस टीम की तत्परता

पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मामले किमजांच एवं विवेचना शुरू की ,जांच में थाना प्रभारी अशोक शर्मा, सहा. उप निरीक्षक नारायण साहू, आरक्षक राजेंद्र रात्रे, फुलजेंस टोप्पो और नगर सैनिक लालसाय की अहम भूमिका रही।

आरोपी भेजे गए जेल

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि यह हृदय विदारक पारिवारिक घटना है, जिसमें मृतक के ही बेटे और दामाद ने उसकी हत्या कर दी। दोनों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

मंदिर के नजदीक बने प्राचीन कुंए का जीर्णोद्धार करने के दिए निर्देश

कलेक्टर ने किया कस्तूरा के प्रभु जगन्नाथ मंदिर का अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने बुधवार को दुलदुला विकास खंड के ग्राम कस्तूरा में प्रभु श्री जगन्नाथ मंदिर का अवलोकन किया और मंदिर के कुछ ही दूरी पर स्थित प्राचीन कुआं का जीर्णोद्धार करने के निर्देश दिए हैं। मंदिर समिति के अध्यक्ष कर्णपाल सिंह ने बाजार डांड के लिए सीसी रोड बनवाने की मांग की जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।

- लगभग 250 वर्ष प्राचीन मंदिर की देखभाल बाला जी ट्रस्ट द्वारा किया जाता है

इस अवसर पर सहायक कलेक्टर अनिकेत अशोक, एसडीएम कुनकुरी नन्द पांडे जनपद पंचायत सीईओ कुनकुरी और तहसीलदार राहुल कौशिक उपस्थित थे। कस्तूरा के प्रभु जगन्नाथ मंदिर के पंडित मुकेश कुमार दास ने जानकारी देते हुए बताया कि कस्तूरा का मंदिर लगभग 200 से 250 साल पुराना प्राचीन मंदिर है। राज परिवार जशपुर के द्वारा पूर्वजों से इस मंदिर की पूजा अर्चना के साथ संरक्षित किया जा रहा है। कस्तूरा प्रभु जगन्नाथ मंदिर की आस्था लोगों से जुड़ी हुई है। लगभग 250 साल से ही कस्तूरा से रथयात्रा प्रति वर्ष निकाली जाती है। मंदिर के पुजारी मुकेश कुमार दास ने बताया कि मंदिर की देखरेख और संरक्षण के लिए श्रीबाला जी ट्रस्ट बनाया गया है। ट्रस्ट के द्वारा जशपर के 5 मंदिर दुलदुला विकास खंड चराई डांड का एक मंदिर और कस्तूरा का 1 मंदिर कुल 7 मंदिर का देखरेख और संरक्षण संवर्धन किया जा रहा है। पंडित जी का परिवार पूर्वजों से इस मंदिर की पूजा अर्चना करते हुए आ रही है। कस्तूरा से रथयात्रा ज्येष्ठ पूर्णिमा में प्रभु जगन्नाथ भगवान ,बलभद्र और सुभद्रा जी का देव स्नान कराया जाता है। इस दौरान 15 दिनों के लिए मंदिर में दर्शन वर्जित रहता है। क्यों प्रभु जगन्नाथ भगवान बीमार पड़ जाते हैं। प्रभु जगन्नाथ भगवान को बैंगा के संरक्षण में रखा जाता है। उनकी देखरेख में जड़ी बूटी आयुर्वेद पद्धति से प्रभु को ठीक किया जाता है। उन्होंने ने बताया कि तत्पश्चात नेत्र उत्सव मनाया जाता है। प्रभु जगन्नाथ भगवान, बलभद्र जी और सुभद्रा जी को स्नान कराया जाता है। तत्पश्चात विधी विधान और मंत्रोच्चार से प्रभु जगन्नाथ भगवान बलभद्र और सुभद्रा जी की रथयात्रा निकाली जाती है। और मौसी बाड़ी में प्रभु जगन्नाथ भगवान को रखा जाता है। मौसी बाड़ी में 9 दिन रखा जाता है और 10 दिन बाद प्रभु जगन्नाथ भगवान बलभद्र और सुभद्रा जी का रथ अपने मौसी के यहां से वापस आता है और प्रभु श्री जगन्नाथ भगवान, बलभद्र जी और सुभद्रा जी को मंदिर में स्थापित किया जाता है।

मंदिर के समीप तालाब का अवलोकन करते कलेक्टर।

महुआ शराब की तस्करी का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

ऑपरेशन 'आघात' के तहत पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। मनोरा चौकी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक टाटा सूमो से 30 लीटर अवैध देसी कच्ची महुआ शराब बरामद की है। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। घटना सोमवार 24 जून की है। पुलिस को जानकारी मिली थी कि एक लाल रंग की टाटा सूमो क्रमांक जेएच 01 बीपी-8548 में झारखंड से देसी महुआ शराब भरकर जशपुर की ओर ले जाई जा रही है।सूचना मिलते ही चौकी मनोरा पुलिस ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह को मामले से अवगत कराया और उनके निर्देश पर ग्राम खरसोता के पास नाकाबंदी की गई।

- टाटा सूमो में छिपाकर ला रहा था 30 लीटर कच्ची शराब

दुर्घटनाग्रस्त हुई गाड़ी: नाकाबंदी के दौरान जैसे ही संदिग्ध वाहन आता दिखा, पुलिस ने उसे रोकने की कोशिश की। लेकिन चालक गाड़ी की रफ्तार बढ़ाकर भागने लगा। पुलिस ने पीछा किया और कुछ ही दूरी पर मनोरा गड़ियोटोली के पास गाड़ी अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई।चालक को हल्की चोटें आईं। उसे तुरंत अस्पताल भिजवाया गया और वाहन की तलाशी ली गई।

छुपाकर रखा था शराब: जांच में गाड़ी की सीट के नीचे रखे 5 जरकिन में कुल 30 लीटर देसी महुआ शराब बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मुंताज अंसारी 40 वर्ष, निवासी जवाहरनगर, थाना कुसमी, जिला बलरामपुर बताया। उसने कबूला कि वह शराब गोविंदपुर, झारखंड से खरीदकर कुसमी ले जा रहा था। उसके पास किसी तरह के वैध दस्तावेज नहीं थे।

हो रही लगातार कार्रवाई: वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि जिले में नशे के कारोबार पर पूरी सख्ती बरती जा रही है। ऑपरेशन आघात के तहत तस्करी और बिक्री से जुड़े लोगों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

जिला न्यायाधीश ने ली जागृति एवं संवाद सदस्यों की बैठक

जागृति व संवाद सदस्यों की बैठक लेते जिला न्यायाधीश।

जशपुरनगर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के तीन दशक पूरे होने के उपलक्ष्य में नालसा द्वारा जागृति, डॉन, संवाद, साथी एवं आशा योजना को लागू किया गया है एवं महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन से संबंधित हैंडबुक आवाज उठाओं एवं निःशुल्क विधिक सहायता से संबंधित हैंडबुक का प्रकाशन किया गया है।

जिसके तारतम्य में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मार्गदर्शन एवं सत्येन्द्र कुमार साहू, प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सत्येन्द्र कुमार साहू के निर्देशानुसार जिला एवं तालुका स्तर पर जागृति, डॉन, संवाद, साथी एवं आशा इकाई का गठन किया गया है। प्रधान जिला न्यायाधीश की उपस्थिति एवं अध्यक्षता में जिले में नालसा योजना जागृति, डॉन, संवाद, साथी एवं आशा अंतर्गत गठित जागृति यूनिट, डॉन यूनिट, संवाद यूनिट, जिला साथी इकाई एवं आशा इकाई के सदस्यों का बैठक का आयोजन 26जून को जिला न्यायालय के सभाकक्ष में किया गया। अपने उद्बोधन में न्यायाधीश ने कहा गया कि आशा इकाई का मुख्य कार्य बाल विवाह की समस्या से निपटने के लिये एक संस्थागत ढांचा तैयार कर, बाल विवाह की प्रथा का उन्मूलन करना, पीडिताओं को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान कराते हुये समाज की मुख्य धारा से जोड़ना है। साथी इकाई का मुख्य कार्य बेसहारा बच्चों की पहचान करना, उनका आधार नामांकन कराना, विधिक सहायता प्रदान करना एवं शासन की अन्य लाभकारी योजनाओं से जोडना है। जागृति इकाई का मुख्य कार्य जमीनी स्तर पर निःशुल्क विधिक सहायता का प्रचार-प्रसार करना एवं शासन की योजनाओं का लाभ प्रदान करना है। डॉन इकाई का मुख्य उद्देश्य नशीली दवाओं के दुरूपयोग एवं नशामुक्ति के संबंध में जागरूकता अभियान चलाना तथा नशे से पीडित व्यक्ति को नशे से मुक्ति हेतु नशा मुक्ति केन्द्र जाने हेतु प्रोत्साहित करना है। साथ ही नेशनल नारकोटिक्स हेल्पलाईन नंबर 1933 एवं 14446 एवं नालसा हेल्पलाईन नंबर 15100 का प्रचार प्रसार करना, स्कूल कॉलेज, सडकों पर रहने वाले बच्चे, सेक्स वर्कर, जेल, किशोर गृह, केमिस्ट, ड्रग पीड़ित व्यक्ति एवं उनके परिवारों, आम जनता के मध्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना है। ₹संवाद इकाई₹ का मुख्य कार्य जनजाति समुदाय क्षेत्रों की पहचान कर उनके मध्य विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना है।

खुली निर्माण एजेंसी और जिम्मेदार विभाग की पोल

पहली बारिश में धंसने के कगार पर निर्माणाधीन महतारी सदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महादेवडांड़/जशपुर

छत्तीसगढ़ शासन और मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट जिसमें नारी शक्ति के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में महतारी सदन का निर्माण किया जाना है। जहां महिलाएं एकत्रित होकर सकारात्मक विचारों का आदान प्रदान कर अपने को शसक्त बना सकें। लेकिन उनके सपनों पर तब पानी फिर जाता है जब जिम्मेदार विभाग और निर्माण एजेंसी अपनी भूमिका को निभाने में लापरवाही बरतते हुए असफल हो जाते है। कुछ दिनों पहले से जिले में मानसूनी बरसात की शुरुआत हुई है, और पहली बरसात में ही महादेवडांड़ में बनाने वाला महतारी सदन धंसने की कगार पर आ गया है। निर्माणाधीन महतारी सदन का भवन निर्माणाधीन स्थिति में ही पहली बारिश नहीं झेल पाया और दीवारों में दरार आ गई है, और पूरा ढांचा ही धराशाई होने की स्थिति में आ गया है।

धसक रहा महतारी सदन।

क्या है शासन की महतारी सदन योजना

ग्राम पंचायतों की ग्रामीण महिलाओं को अपने सकारात्मक विचारों को एक दूसरे को आदान प्रदान करने के लिए एक स्थान दिया जा रहा है ताकि ग्रामीण महिलाएं एक दूसरे से प्रेरणा लेकर अपने को शसक्त बनाने के लिए कदम उठा सकें।

क्या कहते है ग्रामीण

ग्रामीण सोमारू राम का कहना है कि सरकार गरीबों और महिलाओं के लिए बहुत सारी योजनाएं तो लाती है।लेकिन सरकारी अधिकारी कर्मचारी इन योजनाओं को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा देते है।यहां बनाने वाला महातरी सदन का भवन बनाने से पहले ही धराशाई होने की स्थित में है। ग्रामीण महिला सुन्दरवती बाई का कहना है कि यही है सरकरी पैसे का बंदरबाट, हम महिलाओं के लिए बनाने वाला महतारी सदन बनाने के पहले ही गिरने की स्थिति में आ गया है, वो तो अच्छा है कि पहले ही गिरने लगा है बनाने के बाद अगर गिरता तो बहुत बड़ी घटना हो सकती थी।

जिम्मेदार अधिकारी मौन

हमारे संवाददाता ने इस मामले में जिम्मेदार अधिकारियों से उनका मत जानने के लिए संपर्क करना चाहा तो कोई भी अधिकारी के फोन रिसीव नहीं करने के कारण उनका पक्ष नहीं जाना जा सका है।

खबर संक्षेप

आपातकाल की अच्छाइयों से मुंह फेर रही बीजेपी : अनिल

रायगढ़। कांग्रेस के जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शुक्ला ने 1975 के आपातकाल पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा उस दौर में आपातकाल को लगाया जाना सामयिक आवश्यकता थी। कांग्रेस नेता अनिल शुक्ला ने कहा कि यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि आपातकाल के दौरान के कई ऐसे महत्वपूर्ण सकारात्मक पहलू भी रहे थे जिसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। वहीं आपातकाल को आज की सतारूढ़ पार्टी अवाम के बीच गलत नजरिये से प्रस्तुत करती आ रही है। अनिल शुक्ला ने कहा कि आज के दौर में सत्ताधारी पार्टी के पास देश के आंतरिक हालातों से निपटने की कोई योजना नहीं है। बीजेपी को आपातकाल के दौरान की अच्छाइयों को देखने का नजरिया नहीं है। उन्हें सिर्फ झूठ फैलाने में ही महारत हासिल हैं। अनिल शुक्ला के अनुसार 1975 के आपातकाल के समय तात्कालीन कांग्रेस सरकार के द्वारा जो अच्छे कार्य रहे वे हैं। अनुशासन आपातकाल के दौरान आर्थिक अनुशासन को बढ़ावा दिया गया, जिससे अर्थव्यवस्था में स्थिरता आई। उत्पादकता में वृद्धि आपातकाल के दौरान श्रमिकों की उत्पादकता में वृद्धि हुई, जिससे आर्थिक विकास को बढ़ावा मिला। सामाजिक सुधार शहरीकरण और स्वच्छत आपातकाल के दौरान शहरीकरण और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया गया, जिससे शहरों की स्थिति में सुधार हुआ। शिक्षा और स्वास्थ्य आपातकाल के दौरान शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हुआ, जिससे लोगों के जीवन स्तर में सुधार आया। प्रशासनिक सुधार प्रशासनिक सुधार आपातकाल के दौरान प्रशासनिक सुधार किए गए, जिससे सरकारी कामकाज में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ी भ्रष्टाचार में कमी आपातकाल के दौरान भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई, जिससे सरकारी कामकाज में भ्रष्टाचार में कमी आई।

ईवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण

रायगढ़। सारंगढ़ के कृषि उपज मंडी प्रांगण स्थित निर्वाचन वेयरहाउस का संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी पी एस ध्रुव, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रूपेश वर्मा, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ संजय कन्नौजे, अपर कलेक्टर प्रकाश सर्वे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिकेत साहू, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के अध्यक्ष व प्रतिनिधि (मनोज जायसवाल, राजकुमार अग्रवाल, विकास टंडन आदि) सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान सभी ईवीएम के रखरखाव, भवन में बारिश से सीपेज, सीसीटीवी कैमरा आदि का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर निर्वाचन पर्यवेक्षक हरिकिशन डनसेना सहित अन्य निर्वाचन कर्मी उपस्थित थे।

चार दिवसीय विशाल रक्तदान शिविर

रायगढ़। अदाणी फाउंडेशन की सामाजिक सरोकार की परंपरा को आगे बढ़ाते हुएए छत्तीसगढ़ के सात जिलों में 20 से 24 जून तक चार दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह पहल अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी के 63वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में की गईए जिसे अदाणी दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह आयोजन समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और सेवा भावना से प्रेरित था। रक्तदान अभियान के दौरान रायपुरए बिलासपुर, सरगुजा, रायगढ़, कोरबा, बलोदाबाजार और दुर्ग जिलों में समूह के अधिकारियों, कर्मचारियों और ठेका श्रमिकों ने मिलकर कुल 2ए846 यूनिट रक्तदान किया। अदाणी नेचुरल रिसोर्सेज द्वारा सरगुजा में न केवल 269 यूनिट रक्तदान किया गया, बल्कि स्थानीय जैव विविधता को सहेजते हुए 37,150 से अधिक स्थानीय प्रजातियों के पौधों का रोपण भी किया गया। रायगढ़ की गारेपेल्मा.3 परियोजना में 140 यूनिट से अधिक रक्तदान किया गया। इसके अलावा अदाणी पॉवर लिमिटेडरू रायपुर. 824 यूनिटए रायगढ़. 499 यूनिट, कोरबा. 655 यूनिट अदाणी सीमेंट लिमिटेड अंबुजा सीमेंट, भाटापारा. 149 यूनिट, एसीसी सीमेंटए जामुल. 308 यूनिट, सभी रक्त यूनिट संबंधित जिलों की रेड क्रॉस सोसाइटी और राजकीय अस्पतालों को प्रदान किए गए।

शाला प्रवेशोत्सव में वित्त मंत्री ने कहा, जीवन में सीखने की ललक बनाए रखें

पहले आईएएस बना, अब वित्त मंत्री बनकर सेवा कर रहा हूं, ये सब शिक्षा से संभव हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बुधवार को स्थानीय नटवर स्कूल में जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन हुआ। इस अवसर पर प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। जहां उन्होंने स्कूली बच्चों से कहा कि सिर्फ नाम की डिग्री के लिए पढ़ाई काफी नहीं है, व्यवहारिक ज्ञान और जरूरी स्किल्स जीवन में सफलता के मुकाम तय करने में अहम भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने बच्चों को नए शिक्षण सत्र की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खूब मेहनत करें, देश दुनिया में क्या घट रहा है उसके प्रति जागरूक रहें, अपनी रुचि के अनुसार लक्ष्य बनाएं उसे पाने के लिए अपना शत प्रतिशत प्रयास करें और कुछ नया सीखने की ललक को हमेशा बनाए रखें। यह सब सर्वांगीण विकास की राह पर आपको आगे लेकर जाएंगे। जीवन में व्यवहारिक ज्ञान के महत्व पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि कैसे प्राइमरी स्कूल में मिली एक सीख ने उनकी पूरी जिंदगी की दशा और दिशा बदल दी। स्कूल के टेस्ट में जवाब को रट कर नहीं, बल्कि समझ कर अपने शब्दों में लिखने के अभ्यास ने उन्हें अपनी सोच और कल्पनाओं को लिखित रूप में व्यक्त करने का कौशल सिखाया, जिसने आगे चलकर भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयन की नींव रखी। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि किसी भी व्यक्ति, जिला, प्रदेश व देश में बदलाव के लिए शिक्षा सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बदौलत क्या कुछ हासिल किया जा सकता है इसका उदाहरण स्वयं उनका जीवन है। एक छोटे से गांव बायंग से निकलकर देश की सबसे प्रतिष्ठित भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयन, प्रदेश की राजधानी की कलेक्टरी के बाद अब प्रदेश के वित्त मंत्री का जिम्मा संभालना, यह सब शिक्षा से ही संभव हुआ है।

सीखने की ललक होनी चाहिए

उन्होंने कहा कि आज की देश दुनिया ज्ञान आधारित है। जीवन में ज्ञान अर्जन के लिए सीखने की ललक होनी चाहिए। यह सोच न सिर्फ पढ़ाई लिखाई का स्तर सुधारेगी, बल्कि नई नई चीजें सीखने में मददगार भी होगी। आज देश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। करियर के कई नए विकल्प सामने आ रहे हैं, जो कुछ सालों तक नहीं थे। जिसने इनका महत्व समझकर समय से खुद को तैयार कर लिया, वह सफलता की सीढ़ियां चढ़ता जाएगा। आज अपने आस पास देखें तो सफल लोगों में एक बात समान रूप से दिखेगी, वे सभी अपने फील्ड में काम करने और आगे बढने के लिए खुद को लगातार अपडेट कर रहे हैं। यह सीखने की ललक है जो उन्हें बाकी सबसे आगे रखती है।

नालंदा और प्रयास का लाभ बच्चों को मिलेगा

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि सरकार प्रदेश में राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों को खोलने में विशेष ध्यान दे रही है। बीते दिनों देश के गृहमंत्री अमित शाह ने नवा रायपुर में नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी की नींव रखी। इसके साथ ही प्रदेश में आईआईटी, आईआईएम, एनआईटी, सीपेट, ट्रिपल आईटी, हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, एनआईएफटी जैसी राष्ट्रीय स्तर की संस्थाएं हैं। छात्रों के उचित मार्गदर्शन और परीक्षा की तैयारियों को मजबूत आधार देने नालंदा लाइब्रेरीज खोली जा रही हैं। रायगढ़ में प्रदेश की सबसे बड़ी नालंदा लाइब्रेरी बनने जा रही है। यहां प्रयास संस्था का संचालन भी हो रहा है। इन सब का लाभ प्रदेश के छात्रों को मिलेगा। उन्होंने छात्रों को कड़ी मेहनत करते हुए इन अवसरों का लाभ उठाने की बात कही।

लोकसभा और राज्यसभा सांसद भी रहे मौजूद

इस अवसर पर लोक सभा सांसद राधेश्याम राठिया ने सभी बच्चों को शाला प्रवेशोत्सव की बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा जीवन का सबसे मजबूत आधार है। आप सभी के ध्येय को पूरा करने में शिक्षा की सबसे बड़ी भूमिका होगी। इसलिए स्कूली जीवन में खूब परिश्रम करें और आने वाले समय के लिए खुद को तैयार करें। राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह ने बच्चों को नवीन शिक्षा सत्र की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सिर्फ नंबर के पीछे न भागें। पढ़ाई के साथ खेल पर भी फोकस करें। यह व्यक्तित्व विकास के लिए बेहद जरूरी है। कार्यक्रम को महापौर जीवर्धन चौहान ने भी संबोधित किया। उन्होंने सभी छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए नटवर स्कूल के अपने छात्र जीवन को याद किया। मौके पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी, सांसद राधेश्याम राठिया एवं राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह ने नव प्रवेशी बच्चों को किताबें और गणवेश भी वितरित किए।

जीवनदीप कार्यकारिणी समिति की बैठक सम्पन्न

जशपुरनगर। कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में गुरूवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी कार्यालय में जीवनदीप कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जीवनदीप समिति की अंतर्गत कार्यों एवं आय-व्यय पर चर्चा की गई। कलेक्टर श्री व्यास ने निर्देशित किया कि जीवनदीप समिति के तहत कोई भी कार्य या भुगतान बिना विधिवत अनुमोदन के मान्य नहीं होगा।

■ गंभीर कुपोषित बच्चों को पोषण पुर्नवास केंद्र लाने पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका व मितानिन को समिति से प्रोत्साहन राशि देने के निर्देश

उन्होंने गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र में लाने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और मितानिन को समिति की तरफ से 100 रुपए प्रोत्साहन राशि दिए जाने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा उन्होंने मद्यपान कर डयूटी आने वाले कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई किए जाने हेतु भी निर्देशित किया। बैठक में कलेक्टर ने जिला अस्पताल में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली और स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश देते हुए कहा कि मरीजों के ईलाज की सभी सुविधाएं यहां पर सुलभ हो ताकि उन्हें निजी अस्पताल में उपचार के लिए जाना ना पड़े। आर्थिक समस्या होने की वजह से गरीब परिवारों को इससे काफी परेशानी होती है। बैठक में कलेक्टर ने जिला अस्पताल में आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था को और अधिक सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आपात स्थिति में समय की महत्ता को ध्यान में रखते हुए मरीजों को त्वरित और समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाना चाहिए, जिससे किसी भी गंभीर परिस्थिति से बचा जा सके। कलेक्टर श्री व्यास ने सीजेरियन डिलीवरी की व्यवस्था को बेहतर करने पर भी विशेष जोर दिया और कहा कि जिला अस्पताल को इस दिशा में गंभीरता से कार्य करना चाहिए, जिससे महिलाओं को निजी अस्पतालों में जाने की आवश्यकता न पड़े। इसके अलावा कलेक्टर ने जिला अस्पताल में पदस्थ विशेषज्ञ चिकित्सकों सहित अन्य मेडिकल स्टॉफ की भी जानकारी लेने के अलावा अस्पताल द्वारा संचालित स्वास्थ्य सुविधाओं को और भी सुदृढ़ किए जाने के संबंध में अधिकारियों और जीवनदीप समिति के सदस्यों से विस्तार से चर्चा भी की। बैठक में डिप्टी कलेक्टर श्री हरिओम द्विवेदी, श्रीमती रजनी प्रधान, संतोष सिंह, आलोक राय, सीएमएचओ डॉ.जीएस जात्रा, सीएस डॉ. विपिन इंदवार, डॉ गौरव सिंह, डॉ.भुपेश भगत, डॉ.आरएस पैंकरा, डॉ ममता सिंह, डॉ नरेन्द्र राम, राजीव रंजन मिश्रा, सीएमओ जशपुर योगेश्वर उपाध्याय, पुलिस विभाग, आरईएस, पीडब्लूडी, पीएचई, विद्युत विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर के निर्देश पर खनिज अमले ने की कार्रवाई

सारंगढ़। जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण पर कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे द्वारा दिए गए निर्देश एवं खनि अधिकारी के मार्गदर्शन में खनिज अमला द्वारा तहसील सारंगढ़ के कोसीर क्षेत्र अंतर्गत गौण खनिज रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त 01 वाहन ट्रैक्टर सोनालिका सोल्ड पर कार्रवाई करते हुए थाना सारंगढ़ के सुरक्षार्थ में दिया गया।

इसी प्रकार तहसील सरिया अंतर्गत गौण खनिज रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त 01 वाहन हाईवा वाहन क्र सीजी 13 एएक्स 0311 पर कार्रवाई करते हुए थाना सरिया के सुरक्षार्थ में दिया गया। एक अन्य प्रकरण में तहसील सारंगढ़ के गुडेली टिमरलगा क्षेत्र अंतर्गत गौण खनिज चूनापत्थर के अवैध परिवहन में संलिप्त 01 वाहन हाईवा वाहन क्र सीजी 13 एजे 0116 पर कार्रवाई करते हुए खनिज जांच नाका बेरियर प्रभारी के सुपूर्द में दिया गया। इसी क्रम में तहसील सरसींवा क्षेत्र का औचक निरीक्षण दौरान खनिज कोयला के अवैध परिवहन में संलिप्त 01 वाहन ट्रेलर वाहन क्र सीजी 12.5.7088 पर खनिज नियमों के तहत कार्रवाई कर थाना सरसीवा के सुराक्षार्थ में दिया गया। ये सभी कार्यवाही छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 एवं खान एवं खनिज विकास अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत की गई। अवैध उत्खनन परिवहन एवं भण्डारण की कार्यवाही आगे भी निरंतर कलेक्टर डॉ कन्नौजे के निर्देश पर की जाएगी।

तबादले पर एसडीएम त्रिपाठी को दी गई विदाई

जशपुरनगर। पत्थलगांव एसडीएम सुत्री आकांक्षा त्रिपाठी को उनके तबादले पर एक समारोह में बुधवार को विदाई दी गई। इस अवसर पर पत्थलगांव विकास खंड के समस्त विभाग प्रमुख, सभी तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी गण,शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

एसडीएम सुश्री आकांक्षा त्रिपाठी ने पिछले दो वर्षों से अपने कार्यकुशलता और जनसेवा के प्रति अटूट समर्पण से इस क्षेत्र में एक अमिट छाप छोड़ी है। उनके कार्यकाल के दौरान उनके सफल मार्गदर्शन में लोकसभा विधानसभा एवं त्रिस्तरीय चुनाव जैसे महत्वपूर्ण कार्यों का सफल संचालन, कानून-व्यवस्था में सुधार, जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सहित जनता की समस्याओं की त्वरित सुनवाई हुई है। उन्होंने न केवल प्रशासनिक दक्षता का परिचय दिया, बल्कि एक संवेदनशील और सहृदय अधिकारी के रूप में जनता के दिलों में भी अपनी विशेष जगह बनाई। इस अवसर पर सभी विभाग प्रमुखों ने एसडीएम के योगदान की सराहना करते हुए कहा,एसडीएम ने अपनी कर्तव्यनिष्ठा और लगन से हम सभी के लिए एक मिसाल कायम की है, उनके जाने से हमें एक अभिभावक के खोने का दुख है। उन्होंने हमेशा हमारी सभी समस्याओं का समाधान निकाला और एक परिवार की तरह हम सब ने मिलकर कार्य किया। उनकी कमी हमें हमेशा खलेगी, लेकिन उनके द्वारा स्थापित उच्च मानदंड हमें सदैव प्रेरित करते रहेंगे। एसडीएम आकांक्षा त्रिपाठी ने अपने विदाई भाषण में सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा,इस क्षेत्र की जनता और मेरी टीम का सहयोग मेरे लिए अविस्मरणीय है। मैंने हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास किया और आप सभी के प्यार और समर्थन के लिए मैं हदय से आभारी हूं। समारोह के अंत में डिप्टी कलेक्टर श्रीमती प्रियंका रानी गुप्ता द्वारा सर्व विभाग की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान व्यक्त किया गया।

ई-ऑफिस संचालन के लिए कार्यशाला

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सभी विभागों के कार्यों के तीव्र सम्पादन हेतु ई- ऑफिस को शासकीय कार्यों के लिए लागू किया जा रहा है। जिसके लिए जिले के समस्त विभागों एवं कार्यालयों में ई-ऑफिस के क्रियान्वयन एवं सुचारू संचालन हेतु सभी विभागों एवं कार्यालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत सभाकक्ष में किया गया। इस कार्यशाला में सभी विभागों के पत्राचार एवं फाइलिंग की विधि को ई-ऑफिस के माध्यम से ऑनलाइन करने की सम्पूर्ण प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गयी। इस कार्यशाला में नोटशीट निर्माण, पत्राचार, ई फाइलिंग, फाइल निर्माण आदि के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि आगामी समय में सभी विभागों का कार्य संचालन ई ऑफिस के माध्यम से किया जाना है। जिससे विभागों की सम्पूर्ण प्रक्रियाओं में तेजी आएगी और कार्यकुशलता भी बढ़ेगी।

नवीन शिक्षा नीति के तहत डाइट में दिया गया प्रशिक्षण

जशपुरनगर। नई शिक्षा नीति 2020 के तहत एफएलएन मिशन के अंतर्गत डाइट में 19 से 24 जून तक आयोजित 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन हुआ। इस विशेष प्रशिक्षण में जिले के सभी विकासखंडों से आए कुल 72 बीआरजी (ब्लॉक रिसोर्स ग्रुप) सदस्यों ने हिस्सा लिया। 24 जून की शाम को हुए समापन समारोह में बीआरजी प्रतिभागियों ने पूरे प्रशिक्षण का सार प्रस्तुत किया। सभी विकासखंडों ने अपने अनुभव साझा किए और सीखी गई विधियों को रचनात्मक रूप से प्रदर्शित किया। पूरे प्रशिक्षण के संचालन में उप प्राचार्य श्रीमती एसएस भोई की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने समापन सत्र में सभी का आभार व्यक्त किया। आरबी चौहान द्वारा सभी प्रतिभागियों के ठहरने और भोजन की समुचित व्यवस्था की गई थी। समापन में डाइट के सभी प्राध्यापक एवं व्याख्याता उपस्थित रहे।

संकल्प कुनकुरी में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

जशपुरनगर। संकल्प शिक्षण संस्थान कुनकुरी के सभागार में परंपरानुसार शासन के निर्देशों का पालन करते हुए शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बेमतातोली की सरपंच श्रीमती कुंवारी भगत उपस्थित रहीं।उनके अलावा अन्य अतिथियों में उपसरपंच आलोक लकड़ा, पंच सुजीत बड़ा तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी सीआर भगत उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारम्भ में कक्षा नवमी के नवप्रवेशी बच्चों को सभागार में आमंत्रित किया गया।अतिथियों के आगमन के पश्चात सरस्वती माता, भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी के चित्रों के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर पूजन अर्चन किया गया।

इसके बाद अतिथियों का स्वागत किया गया।संस्था की छात्राओं ने अपने सुमधुर स्वर में स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसके पश्चात कक्षा नवमी के नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर उनका मुंह मीठा कराया गया तथा पाठ्यपुस्तकें दी गईं। विद्यालय के पुराने विद्यार्थियों ने नये बच्चों हेतु स्वागत गीत प्रस्तुत किया। अपने स्वागत उद्बोधन में प्रभारी प्राचार्य अरविन्द मिश्रा ने अतिथियों एवं नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत करते हुए कहा कि किसी भी कार्य की अच्छी शुरुआत उसके सकुशल पूर्ण होने का आधार होती है।सत्र की शुरुआत एक उत्सवपूर्ण वातावरण में करने का यही उद्देश्य है कि बच्चे और शिक्षक पूरी ऊर्जा और उत्साह के साथ पठन पाठन में जुट जाएँ जिससे कि विद्यालय एक श्रेष्ठ परिणाम की ओर अग्रसर हो सके। अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि श्रीमती भगत ने कहा कि बच्चे पूर्ण मनोयोग से अध्ययन कर गांव, विद्यालय और परिवार का नाम ऊंचा करें। विकासखंड शिक्षा अधिकारी सी आर भगत ने कहा कि संकल्प प्रारम्भ से ही अपने श्रेष्ठ परिणाम के लिए पूरे प्रदेश में जाना जाता है। उसी परिपाटी को बनाये रखते हुए सभी विद्यार्थी श्रेष्ठतम परिणाम का संकल्प लेकर आगे बढ़ें।कार्यक्रम में सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपना परिचय दिया। विद्यालय में नवपदस्थ जीव विज्ञान शिक्षिका सुश्री इंदु का भी स्वागत किया गया।कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता नवनीत नारंग ने किया।आभार प्रदर्शन व्याख्याता डॉक्टर प्रभा चौहान ने किया।

पीएम श्री शाला बघिमा में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला बाघिमा में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर एससीईआरटी रायपुर के डीआरजी एस आर नायक, डायट जशपुर के उप प्राचार्य सरोज संगीता भोई एवं डाइट के व्याख्याता आरबी चौहान ग्राम बघिमा के उप सरपंच संदीप राम की उपस्थिति में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें अतिथियों ने नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर अभिनंदन किया एवं बच्चों को गणवेश एवं पुस्तकों का वितरण किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एस आर नायक डीआरजी एससीईआरटी रायपुर ने कहा कि शासन के द्वारा गांव में अंग्रेजी माध्यम का प्राथमिक विद्यालय प्रारम्भ की गई है एवं पीएम श्री योजना के तहत विभिन्न प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई गई है जिसका लाभ यहां के ग्रामीणों को उठाना चाहिए एवं ज्यादा से ज्यादा बच्चों का नामांकन विद्यालय में दिलाना चाहिए। उन्होंने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए कहा एवं मन लगाकर अध्ययन करके अपने जीवन लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डायट की उप प्राचार्य श्रीमती भोई ने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों का घर में ज्यादा से ज्यादा ध्यान दें एवं प्रतिदिन गृह कार्य एवं घर में बैठकर बच्चों के साथ नियमित रूप से पढ़ने के लिए कहें। उन्होंने बच्चों को बुरी संगति एवं नशा से दूर रहने के लिए कहा।

केजव्हील युक्त ट्रैक्टर पर कार्रवाई

सारंगढ़। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ संजय कन्नौजे के निर्देश पर सरिया तहसीलदार कोमल साहू ने सड़क में केज व्हील युक्त पहिया का उपयोग करने पर कार्रवाई किया है। ट्रैक्टर मालिक राकेश पिता बाबूलाल के ट्रैक्टर को सरिया तहसील के ग्राम मानिकपुर बड़े के सड़क में डबल केज व्हील युक्त पहिया का उपयोग किया गया, जिसके विरुद्ध राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी ने यह कार्रवाई की। पिछले साल इसी मार्ग की सड़क बहुत खराब था, जिसे पिछले छह माह में बनाया गया है। ऐसे केज व्हील पहिया वाहन से सड़क जल्दी खराब हो जाता है।